वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 7 अप्रैल 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

छात्रों एवं युवा समुदाय से रक्तदान की अपील

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कोविड-19 महामारी से तालाबंदी की परिस्थिति में देश भर में रक्तदान हेतु छात्रों एवं युवाओं को आगे आने की अपील करती है।

अभाविप की लगभग सभी सक्रीय इकाइयों में कार्यकर्ताओं तथा पहले से ही कार्यरत ब्लड डोनेशन डायरेक्टरी के माध्यम से युवा अपने स्थानिक अप्स्क्तालों एवं रक्त कोष (ब्लड बैंक) में रक्तदान हेतु जा भी रहे हैं। तालाबंदी की इस विकत परिस्थिति में भी अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए अभाविप चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु रक्तदान पंजीयन का अभियान प्रारम्भ कर रही है।

अभाविप के गतिविधिक मंच 'स्टूडेंट फॉर सेवा' की राष्ट्रीय संयोजक सुश्री श्रीलेखा ने कहा कि, "अभी तालाबंदी की परिस्थिति के दौरान लोग ब्लड बैंक में रक्तदान करने नहीं जा पा रहे हैं। आगामी दिनों में भी रक्त की उपलब्धता बनी रहे, इसीलिये हम आगे बढ़कर लोगों से रक्तदान करने का आह्वान कर रहे हैं। अपने नजदीकी चिकित्सालय में रक्त की आवश्यकता होने पर अभाविप के संपर्क में आए रक्तदान के इच्छुक छात्रों व युवाओं को प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ जोड़ेगी।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "कुछ ब्लड बैंकों के अनुरोध पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रक्तदान कर रहे हैं। रक्त बैंकों में तालाबंदी की परिस्थिति में भी रोगियों को आवश्यक रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो इस हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला में प्रशासन की निगरानी में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन कर चुकी है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)